जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

Rashtradoot

# इबिक्स की टेली मेडिसन सेवा अब पूरे प्रदेश में

जयपुर (का.सं.)। राजस्थान के प्रत्येक गांव के लोग अब विशेषज्ञ डॉक्टर की सेवाएं तुरंत पा सकते है। उन्हें कई मीलों तक सफर करके डॉक्टर से मिलने नहीं जाना पड़ेगा। अब उन्हें ये डाउनलोड सुविधा चौबीस घंटे और सातों दिन किसी भी समय मिल सकती है।

राजस्थान में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए आज एक नई व अनूठी शुरूआत की गई जिसमें इबिक्स ने अपनी सफल टेलीमेडिसन सेवा 'ऑस्क ए डॉक्टर' को पूरे राजस्थान भर में 33000 कियोस्क के जरिए आगे बढ़ाया है। इबिक्स इंक बीमा, वित्तीय और हेल्थकेयर इंडस्ट्री में मांग के अनुसार सोफ्टवेयर और ई कॉमर्स सेवाएं प्रदान करने वाली जानी मानी अंतर्राष्ट्रीय कंपनी है। राजस्थान के 33 जिलों में लागू राजस्थान सरकार की महत्वकांक्षी योजना ईमित्रा के अंतगर्त इबिक्स ने ये पहल की है। इबिक्स ने खासतौर से राजस्थान में टेलीमेडिसन सेवा प्रदान की है जिसमें लोग किसी भी समय और किसी भी दिन राज्यभर में आम बोली जाने वाली भाशा हिंदी में विषेशज्ञों से सेहत से जुड़ी सलाह ले सकते है।

'ऑस्क ए डॉक्टर' के माध्यम से लोग दिन में सेहत से जुड़े परामर्श ऑनलाइन, ईमेल और फोन के जरिए विषेशज्ञों से ले सकते है। ऑस्क ए डॉक्टर सेवा में लोग अपनी सेहत से जुड़ी समस्या के साथ लैब की रिपोर्ट या चित्र को अटैच करके दुनियाभर के डॉक्टरों से अपने सवालों की जानकारी प्राप्त कर सकते है। इस सेवा को दोनों पक्षों द्वारा कई ऑन साइट परीक्षण करने के बाद शुरू किया गया है।

राजस्थान सरकार की ओर से आरआईएसएल और इबिक्स ने मिलकर ईमित्रा मंच के माध्यम से 'ऑस्क ए डॉक्टर' सेवा की शुरूआत करने का समझौता किया है।